# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (12.04.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:12.04.2025, PAGE-08

# बिना सेक्शन ऑफिसर चल रहे विवि

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** सूबे के विश्वविद्यालय बिना सेक्शन ऑफिसर के चल रहे हैं। सूबे के पारंपरिक विश्वविद्यालयों में सेक्शन ऑफिसर के 200 पद हैं। इनमें 100 खाली हैं। बीआरएबीयू में भी 16 में 10 ही सेक्शन ऑफिसर काम कर रहे हैं।

बिहार राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव राघवेंद्र सिंह का कहना है कि विश्वविद्यालयों में सेक्शन ऑफिसर की सरकार ने दो दशकों से बहाली नहीं की है। विश्वविद्यालयों में आउटसोर्सिंग से बहाली होती है। ये कर्मचारी नियमित नहीं रहते हैं। हमलोगों ने कई बार सरकार से विवि में शिक्षकेत्तर कर्मचारी की बहाली की मांग की, लेकिन अबतक नहीं हुई। सेक्शन ऑफिसर के अलावा विश्वविद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की भी कमी है। बीआरएबीयू में 450 की जगह 161 कर्मचारी ही काम कर रहे हैं। बीआरआएबीयू में अभी डीएसडब्ल्यू कार्यालय, इंजीनियरिंग सेक्शन, एकेडमिक सेक्शन जैसे महत्वपूर्ण जगहों पर सेक्शन आफिसर नहीं आ रहे हैं। बिहार विवि के कर्मचारी संघ के सचिव गौरव का कहना है कि जो कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं उनकी जगह नये कर्मचारी नहीं आ रहे हैं। पिछले दिनों कई वर्षों के बाद विवि में कुछ कर्मचारियों का प्रमोशन किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि डीएसडब्ल्यू और एकेडमिक सेक्शन में सेक्शन ऑफिसर नहीं रहने से छात्रों का काम भी अटक रहा है।

- **सूबे में एसओ के 200 पद 100 पर ही हैं कर्मचारी**
- **बीआरएबीयू में भी 16 में 10 ही सेक्शन ऑफिसर**

डीएसडब्ल्यू कार्यालय में हॉस्टल से लेकर कक्षाओं में पढ़ाई-लिखाई का काम होता है। सेक्शन ऑफिसर के रिटायर होने के बाद कार्यालय में नये सेक्शन ऑफिसर की नियुक्ति नहीं हुई है। डीएसडब्ल्यू ऑफिस के सेक्शन ऑफिसर ही एकेडमिक सेक्शन के प्रभार में थे, इसलिए उनके रिटायर होने के बाद एकेडमिक सेक्शन भी खाली हो गया है।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:12.04.2025, PAGE-08

## डॉ. पयोली बनीं योग कोर्स की समन्वयक

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के पीजी दर्शनशास्त्र विभाग में चलने वाले योग कोर्स की समन्वयक विभाग की डॉ. पयोली को बनाया गया है। बिहार विवि की सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने इसका पत्र शुक्रवार को जारी किया। डॉ. पयोली को दो वर्षों के लिए समन्वयक बनाया गया है। उनके समन्वयक बनने पर विवि के विकास अधिकारी डॉ. रमेश विश्वकर्मा, विभागाध्यक्ष प्रो. सरोज ने बधाई दी।

## 17 तक भरा जाएगा विशेष परीक्षा का फॉर्म

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में स्नातक की विशेष परीक्षा पार्ट-2 का फॉर्म भरा जाना शुरू हो गया है। परीक्षा फॉर्म 17 अप्रैल तक भरा जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने इसकी जानकारी दी। बताया कि विलंब शुल्क के साथ छात्र 18 से 21 अप्रैल तक फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने की तारीख में बदलाव नहीं किया जाएगा। उधर, पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए शुक्रवार को एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 12.04.2025, PAGE-08

## इतिहास विभाग के छात्रों को दी सिलेबस की जानकारी

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू के इतिहास विभाग में शुक्रवार को पीजी प्रथम सेमेस्टर 2024-26 के नवप्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया।

अध्यक्षीय भाषण में विभागाध्यक्ष प्रो. रेणु कुमारी ने नवागंतुक छात्रों का स्वागत करते हुए इतिहास विषय के महत्व और इसके बहुआयामी स्वरूप की जानकारी दी। छात्रों को सिलेबस की भी जानकारी दी गई। परिचयात्मक भाषण में प्राध्यापक प्रो. शिवेश कुमार ने छात्रों को विभाग के शिक्षकों से परिचित कराते हुए यहां की शैक्षणिक परंपरा, पीजी पाठ्यक्रम की रूपरेखा तथा भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। डॉ. गौतम चंद्रा ने इतिहास विषय की पृष्ठभूमि को सामने रखकर उसके विभिन्न पहलुओं पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। विभाग के अन्य शिक्षक डॉ. सत्यप्रकाश राय, डॉ. अंशु त्यागी, डॉ. अर्चना पांडेय ने छात्रों को उच्च शिक्षा की ओर प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा दी।

## विदेश में शोध को टॉफेल की परीक्षा जरूरी

**कार्यशाला**

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू के हिन्दी विभाग में शुक्रवार को विदेशों में शोध की संभावनाएं विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ. उज्ज्वल आलोक ने किया।



विवि हिंदी विभाग में विदेशों में शोध की संभावना विषय पर कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता ब्राजील के ब्साओ, पाउलो विवि के प्रो. शशि जायसवाल थे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विदेश में शोध के लिए जाने से पहले टॉफिल की प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है। छात्र जिस देश के विवि में जाकर शोध करना चाहते हैं, वहां की वेबसाइट पर पहले शोध के विषय देखें। इसके बाद कम शब्दों में अपना प्रस्ताव बनाकर विवि को ईमेल करें। छात्र को ईमेल पर ही विवि से जवाब मिल जायेगा। विभाग की अध्यक्ष प्रो. सुधा कुमारी, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. आशा कुमारी, डॉ. वीरेंद्र नाथ मिश्र, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. सुशांत कुमार, डॉ. संध्या पांडेय, डॉ. साक्षी शालिनी सहित शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 12.04.2025, PAGE-08

# सीनेट: बैठक में आज 1050 करोड़ का बजट होगा पास

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में सीनेट की बैठक शनिवार को होगी। बैठक में बीआरएबीयू के 1050 करोड़ का बजट पास किया जायेगा।

सीनेट की बैठक में 12 साल बाद नये सदस्य मौजूद होंगे। 12 साल बाद सीनेट का चुनाव पिछले सितंबर-अक्टूबर में हुआ था। सीनेट की बैठक में कई मुद्दों पर हंगामा होने के आसार हैं, इसलिए विवि परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सीनेट की बैठक में छात्र राजद ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। बैठक में एकेडमिक काउंसिल और सिंडिकेट के भी चुनाव होंगे। दोपहर ढाई बजे से सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के चुनाव होने हैं। सीनेट की बैठक सुबह 11 बजे से होगी। सीनेट में 30 मिनट का प्रश्नकाल रखा गया है। सीनेट में कई सदस्य पहलीबार सवाल पूछेंगे। सीनेट में गायघाट के विधायक निरंजन राय, नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, विधायक मुन्ना यादव, एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह, बोचहां विधायक अमर पासवान सहित 10 विधायक सदस्य हैं। सीनेट की बैठक को लेकर विवि में शुक्रवार को दिनभर तैयारी चली। एकेडमिक काउंसिल और सिंडिकेट चुनाव को लेकर रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:12.04.2025
PAGE-04


## पीजी इतिहास विभाग में इंडक्शन मीट का आयोजन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी इतिहास विभाग में शनिवार को पीजी के नवनामांकित छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो.रेणु कुमारी ने सभी नए छात्रों का इतिहास विभाग में स्वागत किया। अध्यक्षीय भाषण में इतिहास विषय के महत्व व इसके व्यापक स्वरूप पर प्रकाश डाला। सभी विद्यार्थियों को अगले दो वर्षों तक अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्रो.शिवेश कुमार ने सभी छात्रों को विभाग के शिक्षकों से परिचिय कराया। विभाग की शैक्षणिक परंपरा, पीजी पाठ्यक्रम की संरचना व भविष्य में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। डा.गौतम चंद्रा ने इतिहास विषय की नींव पर बात करते हुए इसके विभिन्न आयामों से छात्रों को अवगत करा मार्गदर्शन किया। विभाग के अन्य शिक्षकों डा.सत्य प्रकाश राय, डा.अंशु त्यागी व डा.अर्चना पांडेय ने भी छात्रों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर शोधार्थी हिमांशु, अन्नू, मणिरंजन, अनुराग व पीजी में दाखिला लेने वाले अधिकतर विद्यार्थी थे।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE:12.04.2025, PAGE-04

# कड़ी सुरक्षा में सीनेट की बैठक आज, छात्र राजद करेगा विरोध

## बीआरएबीयू की सेंट्रल लाइब्रेरी में 11 बजे से शुरू होगी बैठक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को सीनेट की बैठक होगी। सेंट्रल लाइब्रेरी में 11 बजे से इसकी शुरुआत होगी। इसके लिए एलएस कालेज गेट से एंट्री बंद की गई है। सीनेट के सभी सदस्य और अधिकारी कलमबाग रोड से विश्वविद्यालय कैंपस में एंट्री लेंगे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है। सीनेट में 1050.02 करोड़ के बजट को मंजूरी प्रदान की जाएगी। वहीं 36 कालेजों के संबंधन पर भी निर्णय लिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि कालेजों की संबद्धता से लेकर अन्य प्रशासनिक फैसलों पर बैठक हंगामेदार हो सकती है। वहीं सीनेट की बैठक में सिंडिकेट के एक और एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव होगा। वहीं एक दर्जन से अधिक प्रस्ताव सीनेट में रखे जाएंगे। 30 मिनट का प्रश्नोत्तर काल होगा। इसके लिए सीनेट के सदस्यों ने पहले ही विश्वविद्यालय को प्रश्न उपलब्ध करा दिया है। दूसरी ओर छात्र राजद ने कई मुद्दों को लेकर सीनेट की बैठक का विरोध करने का निर्णय लिया है। छात्र राजद के नेता चंदन यादव के नेतृत्व में छह सूत्री मांगों को लेकर संगठन सीनेट का विरोध करेगा।

- संबंधन, अकादमिक व प्रशासनिक निर्णयों पर हंगामे के आसार
- बैठक के दौरान एलएस कालेज गेट से बंद रहेगा प्रवेश



### ये हैं मांगें

- छात्रों की संख्या के अनुसार पीजी में नामांकन की सीटें बढ़ाई जाएं
- सभी महाविद्यालयों व स्नातकोत्तर विभागों में नामांकन व परीक्षा शुल्क में एकरूपता हो।
- एससी-एसटी वर्ग के छात्रों और सभी वर्ग की छात्राओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाए
- वोकेशनल कोर्स व छात्रावास आवंटन में अप्रत्याशित शुल्क वृद्धि वापस लिया जाए।
- स्नातक व स्नातकोत्तर में नामांकित छात्रों की संख्या के अनुपात में यूजीसी मानक के अनुसार महाविद्यालयों व विभागों में पद सृजन कमिटी के माध्यम से शिक्षकों का पद सृजित किया जाए।
- पैट-2023 अविलम्ब लिया जाए

### 21 तक भरा जाएगा स्पेशल पार्ट टू का परीक्षा फार्म

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने टीडीसी पार्ट टू स्पेशल परीक्षा के लिए फार्म भरने की तिथि जारी कर दी है। विद्यार्थी बगैर विलंब शुल्क के 17 अप्रैल तक फार्म भर सकेंगे। वहीं 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 18 से 21 अप्रैल तक फार्म भर सकेंगे। इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक डा.सुबालाल पासवान ने निर्देश जारी किया है। सभी अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों को इसकी जानकारी दी गई है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि फार्म भरने की तिथि में कोई बदलाव नहीं होगा। निर्धारित अवधि में आवश्यक दस्तावेज विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने हैं। इसके बगैर छात्र-छात्राओं को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बताया जा रहा कि अगले महीने स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा हो सकती है। इसमें कई कालेजों के 15 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या परीक्षा फार्म भरे जाने के बाद ही पता चल सकेगी।

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:12.04.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू. टीडीसी पार्ट-2 की होनी है स्पेशल परीक्षा

# बगैर विलंब शुल्क के 17 तक फॉर्म भर सकते हैं विद्यार्थी

- 18 से 21 तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ स्वीकार होगा परीक्षा फॉर्म

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में टीडीसी पार्ट 2 की स्पेशल परीक्षा को लेकर 17 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं. वहीं 18 से 21 अप्रैल तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म स्वीकार किया जायेगा. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान की ओर से सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों को पत्र भेजा गया है. जिसमें स्पेशल परीक्षा के लिए निर्धारित अवधि में फॉर्म भरवाने को कहा गया है. साथ ही फॉर्म सहित अन्य जरूरी कागजात परीक्षा विभाग में जमा कराना है.

विवि में सत्र 2023-27 से 4 वर्षीय स्नातक कोर्स सेमेस्टर सिस्टम के साथ लागू हो गया है. ऐसे में अब स्नातक की वार्षिक परीक्षाएं नहीं होगी. इस साल सत्र 2022-25 के थर्ड इयर की अंतिम परीक्षा होनी है. इससे पहले पिछले साल सेकेंड इयर की अंतिम परीक्षा हुई थी. ऐसे में सेकेंड इयर के प्रमोटेड या फेल छात्रों के लिए विवि की ओर से यह आखिरी अवसर दिया जा रहा है.पिछले साल पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा आयोजित की गयी थी. इसका रिजल्ट भी जारी कर दिया गया है. अब विवि पार्ट 2 की स्पेशल परीक्षा मई में कराने की तैयारी कर रहा है. बताया जा रहा है कि अप्रैल में परीक्षा फॉर्म भरवाकर मई में स्पेशल परीक्षा करा ली जायेगी.ऐसे में विभिन्न परीक्षाओं के दबाव को देखते हुए सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिया गया है कि तय अवधि में हर हाल में छात्र-छात्राओं का परीक्षा फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें. फॉर्म भरने की तिथि में कोई परिवर्तन संभव नहीं है.

## इंडक्शन : छात्रों को बताया, इतिहास कैसे पढ़ना चाहिये

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के इतिहास विभाग में सत्र 2024-26 के पीजी प्रथम सेमेस्टर के नये छात्रों के लिए इंडक्शन मीटिंग हुई . विभागाध्यक्ष प्रो रेणु ने नये छात्रों का स्वागत किया . प्रो शिवेश



कुमार ने शैक्षणिक परंपरा, पीजी कोर्स की संरचना व भविष्य में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी . डॉ गौतम चंद्रा ने इतिहास विषय कैसे पढ़ें, इसके बारे में बताया . डॉ सत्य प्रकाश राय, डॉ अंशु त्यागी, डॉ अर्चना पांडेय के साथ शोधार्थी हिमांशु, अन्नू, मणिरंजन, अनुराग व पीजी में दाखिला लेने वाले अधिकांश छात्र-छात्राएं उपस्थित थे .

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 12.04.2025, PAGE-04

# विवि में कड़ी सुरक्षा के पहरे में सीनेट की आज होगी बैठक

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को सीनेट की बैठक होगी. चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गयी है. सीनेट की बैठक में सिंडिकेट के एक और एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव होगा. वहीं एक दर्जन से अधिक प्रस्ताव सीनेट में रखे जाएंगे.

30 मिनट का प्रश्नोत्तर काल होगा. इसके लिए सीनेट के सदस्यों ने पहले ही विवि को सवाल दे दिये हैं. दूसरी ओर छात्र राजद ने कई मुद्दों को लेकर सीनेट की बैठक का विरोध करने का निर्णय लिया है. सेंट्रल लाइब्रेरी में 11 बजे से बैठक होगी. इसके लिए एलएस कालेज गेट से एंट्री बंद की गयी है. सीनेट के सभी सदस्य व अधिकारी कलमबाग रोड से विवि कैंपस में एंट्री लेंगे.

**सीनेट की बैठक का विरोध करेगा छात्र राजद :** बीआरएबीयू में होने वाली सीनेट की बैठक का छात्र राजद विरोध करेगा. छात्र राजद नेता चंदन यादव ने कहा कि छात्र हित में छह सूत्री विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है.